AADHAAR

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 10.12.2017

Page No. 11, Size:(34.77)cms X (27.32)cms.

...बस 22 दिन बाकी

AADHAAR

भले ही पैन लिंक करने की तारीख अब बढ़ गई है। लेकिन कई सर्विसेज के लिए आधार वेरिफिकेशन की आखिरी तारीख अब भी 31 दिसंबर है। अमित मिश्रा बता रहे हैं कौन-कौन सी सर्विसेज के कैसे कराएं आधार से वेरिफाई और न कराने पर क्या हो सकती हैं दिक्कतें:

आखिरी तारीख
31 दिसंबर 2017

पैन से लिंकिंग

कैसे कराएं लिंक

- incometaxindiaefiling.gov.in पर जाएं।
- लेफ्ट साइड में ऊपर की ओर लाल रंग का Link Aadhaar का ऑप्शन दिखेगा।
- इस पर क्लिक करने के बाद एक जानकारी भरने का ऑप्शन आएगा।
- मांगी गई जानकारी को भर कर सबसे नीचे हरे रंग के टैब कर क्लिक करें। बस हो गया आधार और पैन लिंक।

लिंक नहीं किया तो...

अगर आप अपने पैन को आधार से लिंक नहीं कराते हैं तो आपकर रिटर्न नहीं भर पाएंगे। वैसे, पैनकार्ड धारक जो आयकर के दायरे में नहीं आते, उनके लिए पैन को आधार से लिंक कराने के बारे में सरकार ने अभी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है।

फाइनैंशल सर्विसेज

आपको अपने आधार के बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड, बीमा पॉलिसी, इक्विटी म्यूचुअल फंड, पीपीएफ, किसान विकास पत्र, नैशनल सेविंग सर्टिफिकेट, सुकन्या समृद्धि योजना आदि से लिंक कराने की जरूरत है। अगर आपने किसी बैंक, हाउसिंग फाइनैंस कंपनी या नॉन-बैंकिंग फाइनैंस कंपनी से कर्ज लिया है तब भी आपको अपने आधार डीटेल देने की जरूरत है।

कैसे कराएं लिंक

बैंक अकाउंट

- अपने बैंक की किसी भी ब्रांच में जाकर आधार अपडेट करा सकते हैं।
- तकरीबन हर बैंक ने अपने एटीएम के जरिए आधार अपडेट का ऑप्शन दिया है। कार्ड डाल कर मेन स्क्रीन पर More के ऑप्शन में जाकर Aaadhar update में जाएं और आधार नंबर डालें। बस हो गया काम।
- अगर आपको याद नहीं आ रहा कि आपका बैंक अकाउंट में आधार के जरिए अपडेट है या नहीं तो resident.uidai.gov.in/bank-mapper पर जाकर आधार नंबर डालना होगा। मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भरें। स्क्रीन पर जुड़े सारे बैंक अकाउंट्स का ब्योरा सामने आ जाएगा।

लिंक नहीं किया तो...

बैंक अकाउंट फ्रीज हो जाएगा जिसकी वजह से डिपॉजिट और विड्रॉल नहीं कर पाएंगे।

म्यूचुअल फंड

- कार्वी (karvymfs.com/karvy/Aadhaarlinking.aspx) या कैम्स (adl.camsonline.com/InvestorServices/COL_Aadhar.aspx) की वेबसाइट के जरिए भी ऑनलाइन आधार को जोड़ा जा सकता है।

लिंक नहीं किया तो...: इन्वेस्टमेंट करना मुश्किल हो जाएगा।

बीमा पॉलिसी

बीमा पॉलिसी बीमा कंपनी के नजदीकी सेवा केंद्र के जरिए या ऑनलाइन आधार से लिंक करा सकते हैं। आपको इसके लिए पॉलिसी नंबर और जन्मतिथि की जानकारी देनी होगी।

- फिलहाल LIC, SBI Life Insurance, ICICI Prudential Life Insurance, और Max Life Insurance Online आधार लिंकिंग की सुविधा दे रही हैं।

LIC पॉलिसी ऐसे करें आधार से लिंक

- एलआईसी की वेबसाइट www.licindia.in पर जाएं।
- होम स्क्रीन पर ही 'Link Aadhar and Pan' का ऑप्शन नजर आएगा।
- इस पर क्लिक करते ही इंस्ट्रक्शन का एक पेज खुलेगा और नीचे की तरफ Proceed का ऑप्शन दिखेगा।
- इस पर क्लिक करने के बाद एक ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। इसमें वह मोबाइल नंबर भी देना होगा जो आधार में अपडेट हो। अगर मोबाइल नंबर आधार डिटेल्स में नंबर अपडेट नहीं है तो ऑनलाइन लिंकिंग नहीं होगी।
- आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा और इसे भरते ही प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आधार को जुड़ा होने में अमूमन 3 दिन का वक्त लगता है।

लिंक नहीं किया तो...

पॉलिसी को ऑपरेट नहीं कर पाएंगे। मतलब मच्योरिटी पर विड्रॉल और इनवेस्टमेंट रुकेगा।

सोशल सिक्यॉरिटी स्कीम्स से लिंकिंग

एलपीजी सब्सिडी, एचआरडी मिनिस्ट्री की स्कॉलरशिप योजनाओं, पेंशन और पीडीएस के तहत सब्सिडी लेने के लिए भी आधार कार्ड की जानकारी देनी होगी।

ऐसे करें एलपीजी को आधार से कनेक्ट

सेंटर पर जाकर: जिस ऑयल कंपनी का एलपीजी इस्तेमाल कर रहे हैं उसके नजदीकी सर्विस सेंटर पर जाकर आधार अपडेट कराएं।

ऑनलाइन:

- आपको https://resf.uidai.gov.in/seeding/User/ResidentSelfSeedingpds.aspx वेबसाइट का विजिट करना होगा।
- वेबसाइट के ओपन होते ही आपको नाम, पता, स्थान, योजना, वितरक का नाम, उपभोक्ता आईडी, आधार कार्ड नंबर, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर व ईमेल अड्रेस दर्ज करना होगा।
- एक बार सारी सूचनाओं को सही से दर्ज करने के बाद आप सबमिट बटन क्लिक कर दें।
- Submit को क्लिक करते ही आपके मोबाइल फोन पर चन टाइम पासवर्ड यानि ओटीपी भेजा जाएगा।
- ओटीपी को आपको फिर से कंप्यूटर पर दर्ज करना होगा और फिर से सबमिट का बटन क्लिक करना होगा।
- इसके बाद फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ईमेल पर जानकारियों के दर्ज होने की सूचना आपको मिल जाएंगी।
- कुछ समय बाद आपके पास आधार कार्ड के एलपीजी कनेक्शन से लिंक होने का मैसेज और ईमेल पहुंच जाएगा। बस आपका काम खत्म।

SMS के जरिए:

- जिस नंबर से आपका एलपीजी कनेक्शन रजिस्टर्ड है, उससे आपको एसएमएस भेजना होगा। इसके लिए स्पेस दें फिर एसटीडी कोड के साथ डिस्ट्रिब्यूटर का फोन नंबर बिना जीरो लगाए बिना टाइप करें फिर स्पेस दें और कंस्यूमर नंबर टाइप करें। इसके बाद कंपनी के उस नंबर पर मैसेज भेजना होगा, जिससे आपके गैस की बुकिंग होती है।
- गैस बुकिंग वाले नंबर पर ही कुछ देर बाद आधार कार्ड नंबर को भी सेंड करना होगा।
- इसके बाद आपका एलपीजी कनेक्शन आधार कार्ड से लिंक हो जाएगा। आपके पास कुछ ही देर बाद एलपीजी कंपनी की तरफ से आधार कार्ड के लिंक होने का एसएमएस भी पहुंच जाएगा।

हालांकि जब हमने यह तरीका आजमाया तो यह कई बार काम नहीं भी किया। इसे लेकर कई लोगों ने परेशानी की शिकायत की है। फिलहाल सबसे मुफीद तरीका गैस एजेंसी के नजदीकी दफ्तर जाकर लिंक करना ही है।

लिंक नहीं किया तो...

हर तरह की सब्सिडी बंद हो जाएगी।

डॉक्युमेंट	डेडलाइन	डेडलाइन के बाद
क्रेडिट कार्ड	31 दिसंबर	कार्ड होगा ब्लॉक
इंश्योरेंस पॉलिसी	31 दिसंबर	पॉलिसी तक पहुंच रुकेगी
म्यूचुअल फंड, इश्योरेंस	31 दिसंबर	इनवेस्टमेंट को ऑपरेट नही कर पाएंगे
बैंक अकाउंट	31 दिसंबर	अकाउंट होगा ब्लॉक
पीपीएफ/केवीपी/ एसएसवाई/एनएससी	31 दिसंबर	अकाउंट ब्लॉक होगा
एलपीजी और दूसरी सब्सिडी	1 दिसंबर	सब्सिडी रुकेगी
मोबाइल नंबर	31 दिसंबर	सिम ब्लॉक होगा
पैन	31 मार्च	आईटीआर नही होगा प्रोसेस

न्यूज यूजफुल

हफ्ते भर की काम की खबरें

बाइकरों का खास गूगल मैप

भारत में स्कूटर बाइक चलाने वाले सबसे ज्यादा लोग हैं और इनकी नेविगेशन जरूरत कार चलाने वालों से अलग है। टू वीलर मोड में मैप पर वे रस्ते दिखेंगे, जो कारों और ट्रकों के लिहाज से सही नहीं होंगे। लेकिन टू वीलर चलाने वालों के लिए शार्टकट का काम करेंगे।

EPFO की नई योजना

पेंशन मैनेज करने वाली संस्था EPFO ने अपने 4.5 करोड़ से ज्यादा सदस्यों के लिए एक नई सुविधा शुरू की है। इसके तहत अब लोग अपने वर्ड PF अकाउंट्स को मौजूदा UAN (यूनिवर्सल पर्टिवल अकाउंट नंबर) की मदद से एक कर सकेंगे।

ग्रुप एडमिन रोक सकेगा पोस्ट

व्हट्सऐप अब ग्रुप एडमिन को और अधिकर देने वाला है। इससे अगर ऐडमिन चाहे तो वह ग्रुप के सदस्यों को ग्रुप में मेसेज, फोटो, विडियो, जीआईएफ, डॉक्युमेंट्स और वॉइस मेसेज पोस्ट करने से रोक सकता है। व्हट्सऐप ने गूगल प्ले बीटा वर्जन में 'रिस्ट्रिक्टेड ग्रुप' फीचर्स दिया है।

SBI ने किया बड़ा बदलाव

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 1200 से अधिक ब्रांचों के नाम, कोड और आईएफएससी कोड्स बदल दिए हैं। आपकी शाखा में भी इस तरह का बदलाव हुआ है कि नहीं, इसकी जानकारी tinyurl.com/y8qfeq8€ पर जाकर मिल सकती है।